भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3310**

जिसका उत्तर 12.03.2026 को दिया जाना है

**ट्रक चालकों की कमी**

†3310. श्री जगन्नाथ सरकार:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में ट्रक चालकों की कमी और पंजीकृत ट्रक चालकों की कुल संख्या के संबंध में राज्यवार कोई आकलन किया है;

(ख) राष्ट्रीय स्तर पर और पश्चिम बंगाल सहित राज्यवार भारी वाणिज्यिक वाहन चालकों की वर्तमान अनुमानित कमी कितनी है;

(ग) देश में स्वीकृत और कार्यरत चालक प्रशिक्षण संस्थानों (डीटीआई), ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों (आईडीटीआर) और क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या राज्यवार कितनी है;

(घ) पश्चिम बंगाल में स्वीकृत और कार्यरत ऐसे संस्थानों की संख्या कितनी है, उनकी प्रशिक्षण क्षमता क्या है और उपयोगिता क्या है; और

(ङ) कौशल विकास पहल, सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और युवाओं तथा महिलाओं को इस पेशे की ओर आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन सहित प्रशिक्षित ट्रक चालकों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सारथी डेटाबेस के अनुसार, परिवहन वाहनों को चलाने के लिए कुल 1,80,31,311 (राज्यवार डेटा अनुलग्नक-I में संलग्न है) ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए हैं और वे वर्तमान तिथि तक वैध हैं। इन लाइसेंसों में भारी माल वाहन, भारी यात्री वाहन, मध्यम माल वाहन और मध्यम यात्री वाहन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, वाहन डेटाबेस के अनुसार देश में पंजीकृत ट्रकों की कुल संख्या 65,72,483 है (ट्रकों का राज्यवार डेटा अनुलग्नक-II में संलग्न है)।

(ग) और (घ) सरकार द्वारा स्वीकृत ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों (आईडीटीआर), क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों (आरडीटीसी) और ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों (डीटीसी) की स्थिति क्रमशः अनुलग्नक III, IV और V में दी गई है।

इसके अलावा, पश्चिम बंगाल के जेस्सोर स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (डीटीआई) में 2015-16 से 2025-26 तक कुल 3,258 ड्राइवरों को प्रशिक्षित किया गया है।

(ड.) ट्रक चालकों सहित युवाओं के कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए, सरकार देश भर में राज्य/जिला स्तर पर आईडीटीआर, आरडीटीसी और डीटीसी स्थापित करने की योजना संचालित करती है। 15.01.2025 को संशोधित योजना दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, जिनमें बढ़ी हुई वित्तीय सहायता और ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना के लिए सरलीकृत पात्रता मानदंड शामिल हैं। संशोधित दिशानिर्देशों में सिम्युलेटर आधारित प्रशिक्षण का भी प्रावधान है और महिला-नियुक्त आरटीडीसी को अन्य संस्थानों की तुलना में प्राथमिकता दी गई है।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) वर्ष 2015 से अपनी प्रमुख योजना प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत, देशभर के युवाओं को अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व शिक्षा की मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशल विकास (री-स्किलिंग) एवं उन्नत प्रशिक्षण (अप-स्किलिंग) प्रदान किया जाता है। वर्तमान में, वित्त वर्ष 2022-23 से पीएमकेवीवाई 4.0 का कार्यान्वयन किया जा रहा है। पीएमकेवीवाई की शुरुआत से लेकर अब तक वाहन चलाने से संबंधित विभिन्न पदों के लिए 2,10,409 अभ्यर्थियों को प्रमाणित किया जा चुका है।

**अनुलग्नक-I**

**'ट्रक चालकों की कमी'** के संबंध में श्री जगन्नाथ सरकार द्वारा दिनांक 12 मार्च, 2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3310 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

| **राज्य का नाम** | **वैध परिवहन वैधता वाले ड्राइविंग लाइसेंसों की संख्या** |
|---|---:|
| अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 5924 |
| आंध्र प्रदेश | 409960 |
| अरुणाचल प्रदेश | 42516 |
| असम | 201310 |
| बिहार | 388744 |
| छत्तीसगढ | 237159 |
| चंडीगढ़ | 14853 |
| दमन और दीव | 7241 |
| दिल्ली | 70751 |
| गोवा | 83398 |
| गुजरात | 737615 |
| हिमाचल प्रदेश | 144318 |
| हरियाणा | 473157 |
| झारखंड | 257029 |
| जम्मू और कश्मीर | 168378 |
| कर्नाटक | 786287 |
| केरल | 780805 |
| लद्दाख | 6618 |
| लक्षद्वीप | 350 |
| महाराष्ट्र | 4548081 |
| मेघालय | 46710 |
| मणिपुर | 15504 |
| मध्य प्रदेश | 754197 |
| मिजोरम | 10763 |
| नागालैंड | 10364 |
| ओडिशा | 292605 |
| पंजाब | 366505 |
| पुदुचेरी | 28654 |
| राजस्थान | 1287875 |
| सिक्किम | 10213 |
| तेलंगाना | 464336 |
| तमिलनाडु | 2417157 |
| त्रिपुरा | 23332 |
| उत्तराखंड | 100085 |
| उत्तर प्रदेश | 2047057 |
| पश्चिम बंगाल | 791460 |
| **कुल** | **18031311** |

**अनुलग्नक-II**

**'ट्रक चालकों की कमी'** के संबंध में श्री जगन्नाथ सरकार द्वारा दिनांक 12 मार्च, 2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3310 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लखित अनुलग्नक।

| राज्य का नाम | पंजीकृत ट्रक वाहन (08-03-2026 तक) |
|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 2088 |
| आंध्र प्रदेश | 280821 |
| अरुणाचल प्रदेश | 12199 |
| असम | 104300 |
| बिहार | 190271 |
| चंडीगढ़ | 3336 |
| छत्तीसगढ़ | 207212 |
| दिल्ली | 78155 |
| गोवा | 23497 |
| गुजरात | 504742 |
| हरियाणा | 461309 |
| हिमाचल प्रदेश | 90489 |
| जम्मू और कश्मीर | 58415 |
| झारखंड | 201133 |
| कर्नाटक | 568294 |
| केरल | 165532 |
| लद्दाख | 3829 |
| लक्षद्वीप | 5 |
| मध्य प्रदेश | 263768 |
| महाराष्ट्र | 681260 |
| मणिपुर | 10168 |
| मेघालय | 31698 |
| मिजोरम | 9834 |
| नागालैंड | 185290 |
| ओडिशा | 304754 |
| पुदुचेरी | 5153 |
| पंजाब | 204639 |
| राजस्थान | 353197 |
| सिक्किम | 5004 |
| तमिलनाडु | 500305 |
| तेलंगाना | 1646 |
| त्रिपुरा | 16180 |
| दादर और नगर हवेली और दमन और द्वीप | 29851 |
| उत्तर प्रदेश | 499563 |
| उत्तराखंड | 72543 |
| पश्चिम बंगाल | 442003 |
| **कुल योग** | **6572483** |

**अनुलग्नक- III**

**'ट्रक चालकों की कमी'** के संबंध में श्री जगन्नाथ सरकार द्वारा दिनांक 12 मार्च, 2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3310 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

**आईडीटीआर परियोजना की स्थिति :**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **परियोजना का स्थान** | **परियोजना की स्थिति** |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | दारसी में आईडीटीआर | निर्माण चरण में में |
| 2. | | विजयवाड़ा में डीटीआई | संचालित |
| 3. | | कुरनूल में आईडीटीआर | निर्माण चरण में में |
| 4. | असम | डीटीआई बेटकुची, गुवाहाटी | संचालित |
| 5. | बिहार | औरंगाबाद में आईडीटीआर | संचालित |
| 6. | छत्तीसगढ | नया रायपुर में आईडीटीआर | पूर्ण हो गया है लेकिन संचालित नहीं है |
| 7. | हरियाणा | भिवानी में आईडीटीआर | निर्माण चरण में |
| 8. | | बहादुरगढ़ में डीटीआई | संचालित |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | सरकाघाट में आईडीटीआर | निर्माण चरण में |
| 10. | | मंडी में आईडीटीआर | संचालित |
| 11. | जम्मू और कश्मीर | आईडीटीआर घैंक, बलवाल | निर्माण चरण में |
| 12. | झारखंड | जमशेदपुर में आईडीटीआर | निर्माण चरण में |
| 13. | कर्नाटक | हगारी-बोम्मनहल्ली / बेल्लारी में डीटीआई | संचालित |
| 14. | केरल | एडप्पल में डीटीआई | संचालित |
| 15. | मध्य प्रदेश | छिंदवाड़ा में आईडीटीआर | संचालित |
| 16. | | इंदौर में डीटीआई | संचालित |
| 17. | महाराष्ट्र | पुणे में आईडीटीआर | संचालित |
| 18. | | नागपुर में आईडीटीआर | निर्माण चरण में |
| 19. | | लातूर में आईडीटीआर | पूर्ण हो गया है लेकिन संचालित नहीं है |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20. | मणिपुर | इम्फाल में आईडीटीआर | निर्माण चरण में |
| 21. | नागालैंड | दीमापुर में डीटीआई | संचालित |
| 22. | दिल्ली | सराय काले खां में डीटीआई | संचालित |
| 23. | ओडिशा | छतिया, जाजपुर में डीटीआई | संचालित |
| 24. | राजस्थान | रेलमगरा में आईडीटीआर | संचालित |
| 25. | सिक्किम | पाकयोंग में आईडीटीआर | निर्माण चरण में |
| 26. | तेलंगाना | सिरसिला में आईडीटीआर | निर्माण चरण में |
| 27. | त्रिपुरा | अगरतला में आईडीटीआर | निर्माण चरण में |
| 28. | उत्तर प्रदेश | रायबरेली में आईडीटीआर | पूर्ण हो गया है लेकिन संचालित नहीं है |
| 29. | | एलन फॉरेस्ट, कानपुर में डीटीआई | संचालित |
| 30. | उत्तराखंड | झाजरा , देहरादून में डीटीआई | संचालित |
| 31. | पश्चिम बंगाल | कोलकाता में डीटीआई | संचालित |

**अनुलग्नक-IV**

**'ट्रक चालकों की कमी'** के संबंध में श्री जगन्नाथ सरकार द्वारा दिनांक 12 मार्च, 2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3310 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

**आरडीटीसी परियोजनाओं की स्थिति**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **परियोजना का स्थान** | **परियोजना की स्थिति** |
|---|---|---|---|
| 1. | छत्तीसगढ़ | बस्तर में आरडीटीसी | निर्माण चरण में |
| 2. | | आरडीटीसी बिलासपुर में | सिद्धांततः अनुमोदित |
| 3. | कर्नाटक | रामनगर में आरडीटीसी | सिद्धांततः अनुमोदित |
| 4. | मध्य प्रदेश | भोपाल में आरडीटीसी | निर्माण चरण में |
| 5. | | आरडीटीसी बैतूल | निर्माण चरण में |
| 6. | | छतरपुर में आरडीटीसी | निर्माण चरण में |
| 7. | | ग्वालियर में आरडीटीसी | सिद्धांततः अनुमोदित |
| 8. | | आरडीटीसी उज्जैन में | सिद्धांततः अनुमोदित |
| 9. | महाराष्ट्र | अमरावती में आरडीटीसी | संचालित |
| 10. | | नांदेड़ में आरडीटीसी | निर्माण चरण में |
| 11. | | सोलापुर में आरडीटीसी | निर्माण चरण में |
| 12. | | आरडीटीसी नागपुर में | निर्माण चरण में |
| 13. | | वर्धा में आरडीटीसी | पूर्ण हो गया है लेकिन चालू नहीं है |
| 14. | | यवतमाल में आरडीटीसी | निर्माण चरण में |
| 15. | | गोंदिया में आरडीटीसी | सिद्धांततः अनुमोदित |
| 16. | | बुलढाणा में आरडीटीसी | सिद्धांततः अनुमोदित |
| 17. | | चंद्रपुर में आरडीटीसी | नव स्वीकृत |
| 18. | नागालैंड | कोहिमा में आरडीटीसी | निर्माण चरण में |
| 19. | राजस्थान | अजमेर में आरडीटीसी | राज्य से निधि न मिलने के कारण परियोजना बंद |
| 20. | | हनुमानगढ़ में आरडीटीसी | राज्य से निधि न मिलने के कारण परियोजना बंद |
| 21. | | जयपुर में आरडीटीसी | निर्माण चरण में |
| 22. | पश्चिम बंगाल | कोलकाता में आरडीटीसी | निर्माण चरण में |

**अनुलग्नक- V**

**'ट्रक चालकों की कमी'** के संबंध में श्री जगन्नाथ सरकार द्वारा दिनांक 12 मार्च, 2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3310 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

**डीटीसी परियोजनाओं की स्थिति**

| क्र.सं. | राज्य | परियोजना का स्थान | परियोजना की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | असम | कछार में डीटीसी | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 2. | आंध्र प्रदेश | अनंतपुरमु / अनंतपुर में डीटीसी | नव स्वीकृत |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | रागा कामले में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 4. | | जीरो , लोअर सुबनसिरी में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 5. | बिहार | सुपौल में डीटीसी | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 6. | छत्तीसगढ़ | सूरजपुर में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 7. | | कोरबा में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 8. | | राजनांदगांव में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 9. | | गरियाबंद में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 10. | | दंतेवाड़ा में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 11. | | धमतरी में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 12. | | सरगुजा में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 13. | | कबीरधाम में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 14. | | दुर्ग में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 15. | | जांजगीर-चांपा में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 16. | | जांजगीर-चांपा में डीटीसी | नव स्वीकृत |
| 17. | | बालोद में डीटीसी | नव स्वीकृत |
| 18. | | महासमुंद में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 19. | | बलौदा बाजार में डीटीसी | नव स्वीकृत |
| 20. | कर्नाटक | कोप्पल में डीटीसी | पूर्ण |
| 21. | मध्य प्रदेश | सिंगरौली में डीटीसी | पूर्ण |
| 22. | | धार में डीटीसी | पूर्ण |
| 23. | | सतना में डीटीसी | पूर्ण |
| 24. | | सीधी में डीटीसी | पूर्ण |
| 25. | | रायसेन में डीटीसी | पूर्ण |
| 26. | | पथराहा, रीवा में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 27. | | डीटीसी बेधौआ , रीवा में | निर्माण चरण में |
| 28. | | देवास में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 29. | | विदिशा में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 30. | | दमोह में डीटीसी | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 31. | | गुना में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 32. | | मऊगंज में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 33. | | मैहर में डीटीसी | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 34. | | सागर में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 35. | | सागर में डीटीसी | नव स्वीकृत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 36. | | शहडोल में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 37. | | जबलपुर में डीटीसी | नव स्वीकृत |
| 38. | | शिवपुरी में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 39. | | कटनी में डीटीसी | नव स्वीकृत |
| 40. | | मुरैना में डीटीसी | नव स्वीकृत |
| 41. | महाराष्ट्र | बीड में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 42. | | सांगली में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 43. | | वाशिम में डीटीसी | नव स्वीकृत |
| 44. | नागालैंड | चुमौकेदिमा में डीटीसी | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 45. | | मौकोकचुंग में डीटीसी | |
| 46. | | मोन में डीटीसी | |
| 47. | | फेक में डीटीसी | |
| 48. | | वोखा में डीटीसी | |
| 49. | | ज़ुन्हेबोटा में डीटीसी | |
| 50. | | निउलैंड में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 51. | ओडिशा | मयूरभंज में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 52. | राजस्थान | भरतपुर में डी.टी.सी. | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 53. | | गंगानगर में डीटीसी | |
| 54. | | चुरू में डीटीसी | |
| 55. | तेलंगाना | रंगा रेड्डी में डीटीसी | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 56. | उत्तर प्रदेश | बुलंदशहर में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 57. | | प्रयागराज में डीटीसी | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 58. | | गाज़ीपुर में डी.टी.सी. | निर्माण चरण में |
| 59. | | फिरोजाबाद में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 60. | | गाजियाबाद में डीटीसी | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 61. | | जौनपुर में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 62. | | मैनपुरी में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 63. | | आगरा में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 64. | | कन्नौज में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 65. | | सहारनपुर में डीटीसी | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 66. | | शाहजहांपुर में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 67. | | बदायूं में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 68. | | भदोही में डीटीसी | नव स्वीकृत |
| 69. | | सोनभद्र में डीटीसी | नव स्वीकृत |
| 70. | | कुशीनगर में डीटीसी | निर्माण शुरू नहीं हुआ |
| 71. | | शामली में डीटीसी | निर्माण चरण में |
| 72. | | गौतम बुद्ध नगर में डीटीसी | निर्माण शुरू नहीं हुआ |

****